दिनांक : 11.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री मंदिर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पूरी दुनिया भारतीय युवाओं की क्षमता के प्रति आकर्षित है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के ज्यादातर नेताओं की अपेक्षा है कि उनके देश में कुशल जनशक्ति के रूप में भारतीय युवा काम करें। श्री मोदी आज गुजरात के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की वैश्विक मांग और बढ़ने वाली है। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना होगा और कुशल युवा देश की सबसे बड़ी ताकत बनेंगे।

मुख्य न्यायाधीश शपथ

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गए। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हुए।

नशा मुक्ति रैली

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा है कि नशे से युवा गुमराह हो रहे हैं और समाज में बुराइयां आ रही हैं। उन्होंने आज छतरपुर में नशा मुक्ति रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज में लड़ाई झगड़ों का कारण बन रहा है। इसके कारण गंभीर बीमारियां हो रही हैं। डॉ कुमार ने कहा कि नशा मुक्ति को आंदोलन बनाने की जरूरत है। नशा मुक्ति रैली छतरपुर के विभिन्न मार्गों से गुजरी जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी स्कूली छात्र ,छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक निबंध लेखन गीत प्रस्तुत करने वालों को सम्मानित भी किया गयइं

उपचुनाव प्रचार

प्रदेश की दोनों विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज प्रचार का अंतिम दिन है। शाम छह बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। मतदान तेरह नवंबर को होगा। इसके पूर्व सभी राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत के समर्थन में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक सभा को संबोधित किया। साथ ही कई अन्य प्रचार

कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वहीं कांग्रेस की ओर से विजयपुर विधानसभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल जनसंपर्क किया और मढ़ा, इटवई, विजयपुर सेक्टर की बैठक में कांग्रेसजनों से बूथ स्तरीय तैयारियों के संदर्भ में चर्चा की। सीहोर जिले के बुदनी उपचुनाव के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियां पूरी ताकत झोंके हुये हैं। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन आर्य भी यहां प्रचार में जुटे हुए हैं। 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए कुल 363 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल 2,76,397 मतदाता इनमें वोट डालेंगे। निर्वाचन के लिए 1597 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

इंटर्नशिप योजना

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना" के लिए आवेदन की आज अंतिम तारीख है। प्रदेश के इच्छुक और योग्य उम्मीदवार, पीएम इंटर्नशिप योजना अंतर्गत आधिकारिक पोर्टल पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीयन कर सकते हैं। जबलपुर जिले में पीएम इंटर्नशिप योजना का लक्ष्य पूरा हो गया है। कल आठ कॉलेजों में विशेष शिविर लगाए गए। जिले में कुल 1 हजार 20 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। युवाओं को उद्योगों की वर्तमान की जरूरत के मुताबिक विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित करने तथा उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत जबलपुर जिले में लक्ष्य से अधिक युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया है। अंतिम दिन कुल 532 युवाओं द्वारा इस योजना के तहत इंटर्न शिप के लिए अपना पंजीयन कराया।

संक्षिप्त समाचार

1. अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा कल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बैतूल जिले के सभी तहसीलों के स्कूलों व महाविद्यालयों में आयोजित की गई। जिसमें 24 हजार से अधिक बच्चों ने भाग लिया।
2. नवागत आईएएस आईपीएस एवं आईआरएस अधिकारियों के दल ने रायसेन जिला पंचायत में केन्द्रीय योजनाओं के अमल के संबंध में जायजा लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया।
3. शिवपुरी पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले एक दंपती को गिरफ्तार है। इन लोगों ने शिवपुरी के एक युवक के साथ करीब 9 लाख रुपए की ठगी की थी।